News सिटी चीफ

वर्ष-15, अंक-318
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया

आज का विचार

गंभीरता का गुण धारण कर लो तो व्यर्थ टकराव से बच जायेंगे।

# बिहार सिटी चीफ



CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM

बिहार, शनिवार 22 फरवरी 2025

सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार

## पूर्णिया सांसद पप्पू यादव भांजी की महाकुंभ से लौटते समय सड़क हादसे में हुई मौत



पूर्णिया, जिले से इस वक्त की बड़ी खबर सामने आ रही है, जहां पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव की भांजी की सड़क हादसे में मौत हो गई है। वहीं भांजी की मौत की सूचना मिलने के बाद सांसद पप्पू यादव शोक में डूबे नजर आए। अपनी बहन को गले लगाकर वह फूट-फूटकर रोते हुए दिखे। बताया जा रहा है कि उनकी भांजी सोनी यादव पेशे से चिकित्सक थीं। वहीं परिवार के साथ महाकुंभ से लौट रही थीं, तभी यूपी के गाजीपुर जिले में सड़क हादसे का शिकार हो गई। इस घटना में चार लोगों की मौत हो गई। मरने वालो में पूर्णिया की डॉ. सोनी यादव के साथ उनके परिवार के तीन अन्य सदस्य भी शामिल हैं।

**महाकुंभ से लौट रही थी पप्पू यादव की भांजी** दरअसल, घटना उस वक्त हुई जब तेज रफ्तार कार ने खड़ी ट्रक में टक्कर मार दी। इस हादसे में सभी ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। डॉ. सोनी पूर्णिया सांसद पप्पू यादव की भांजी थीं। घटना की सूचना के बाद सांसद पप्पू यादव ने शोक में डूबे नजर आए। सभी मृतकों के शरीर को लाने का प्रबंध किया जा रहा है। घटना को लेकर सांसद पप्पू यादव ने कहा कि देर रात एक भीषण सड़क हादसे में मेरे चचेरे बहनोई दुर्गा यादव की बेटी और मेरी चचेरी भांजी डॉ. सोनी यादव का असमय निधन हो गया। महाकुंभ से लौटते समय गाजीपुर के पास हुए इस हादसे में वह परलोक सिधार गईं।

**बहन को पकड़कर रोते दिखे पप्पू यादव** पप्पू यादव ने कहा कि अभी हमने दुर्गा बाबू और चचेरी बहन से मुलाकात की। हमारे परिवार के लिए यह मुश्किल वक्त है। इस क्षति को शब्दों में बयां कर पाना असंभव है। एक होनहार, संवेदनशील और कर्मठ बेटी इस दुनिया से इतनी जल्दी चली जाएगी, यह सोचना भी मुश्किल है। जिस बेटी ने दूसरों की जिदगी बचाने का संकल्प लिया था, उसे इस तरह खो देना असहनीय है। परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है, जिसकी भरपाई कभी नहीं हो सकती। ईश्वर इन दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें और शोकाकुल परिजनों को यह असहनीय दुख सहने की शक्ति दें।

## नीतीश कुमार के बेटे ने लोगों से की अपील

### बोले- मेरे पिता 100% फिट, उन्हें वोट दें



पटना, बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर राजनीतिक दलों की तैयारियां शुरु हो चुकी हैं। नीतीश कुमार पूरे राज्य में प्रगति यात्रा निकाल रहे हैं। तो वहीं, विपक्षी दल भी लगातार सीएम नीतीश के नेतृत्व वाली सरकार पर हमलावर हैं। इस बीच गुरुवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार ने लोगों से आगामी चुनाव में एनडीए को वोट देने की अपील की है। निशांत ने ये भी कहा है कि उनके पिता नीतीश 100 प्रतिशत फिट हैं।

**क्या बोले निशांत कुमार?** जानकारी के मुताबिक, नीतीश कुमार के बेटे निशांत शुक्रवार को दिल्ली में एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे। इस दौरान एयरपोर्ट पर उन्होंने मीडिया से संक्षिप्त बातचीत की। निशांत ने कहा कि बिहार में चुनाव हैं। सभी जनता से अनुरोध है कि फिर से एनडीए को सरकार में लाएं, पिताजी को फिर से सीएम बनाए ताकि वो अपने विकास के काम जारी रखें।

**मेरे पिता 100 प्रतिशत फिट हैं- निशांत** सीएम नीतीश के बेटे निशांत ने कहा- यह चुनावी साल है। मैंने पहले भी लोगों से अपने पिता के लिए वोट देने का आग्रह किया है। मैंने फिर ऐसा ही किया। उन्होंने बिहार के लिए बहुत कुछ किया है। उनके सत्ता में लौटने से यह सुनिश्चित होगा कि विकास निर्बाध रूप से जारी रहेगा। तेजस्वी यादव बीते कुछ समय से नीतीश के स्वास्थ्य को लेकर संदेह जता रहे हैं। इस सवाल पर निशांत ने कहा कि उनके पिता 100 प्रतिशत फिट हैं।

**राजनीति में आने पर क्या बोले निशांत?** निशांत ने राजनीति में आने की अटकलों के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब नहीं दिया। वह भीड़ से होते हुए जल्दी से अपनी कार में बैठ गए। बता दें कि बीते कुछ दिनों से ऐसी अटकलें लगाई जा रही हैं कि निशांत जद(यू) में शामिल हो सकते हैं और राजनीतिक पारी शुरू कर सकते हैं। ऐसी भी खबरें आई हैं कि वह हरनौत विधानसभा सीट से विधानसभा चुनाव में एंट्री कर सकते हैं। इसी सीट से दशकों पहले उनके पिता नीतीश कुमार भी निर्वाचित हुए थे।

## भाजपा विधायक मिश्रीलाल यादव मारपीट मामले में दोषी करार

### विधायक सहित दो लोगों को तीन महीनो की कारावास की सजा, 500 रूपए का अर्थदंड भी लगा



दरभंगा, दरभंगा व्यवहार न्यायालय के एमपी एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश करुणानिधि प्रसाद आर्य ने अलीनगर के भाजपा विधायक मिश्रीलाल यादव सहित सुरेश यादव को तीन महीने की कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही साथ 500 रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

एमपी एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश करुणा निधि प्रसाद आर्य की अदालत ने मारपीट के एक मामले में शुक्रवार को अलीनगर के भाजपा विधायक मिश्रीलाल यादव सहित दो को सजा सुनाई है। इससे पूर्व कोर्ट ने विधायक और गोसाईं टोल पचाढ़ी निवासी सुरेश यादव को दोषी करार दिया। दोनों को भादवि की धारा 323 में तीन माह का कारावास और पांच सौ रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। समैला निवासी उमेश मिश्र ने 29 जनवरी 2019 की आपराधिक घटना को लेकर 30 जनवरी को प्राथमिकी संख्या 4/19 दर्ज कराई थी। इस मामले के सूचक का आरोप था कि 29 जनवरी 2019 की सुबह छह बजे मार्निंग वाक दौरान गोसाईं टोल के पास मिश्रीलाल यादव और सुरेश यादव सहित 20 से 25 लोग हरवे हथियार से लैस होकर कदम चौक पर घेर लिया। सभी गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर मिश्रीलाल यादव ने सिर पर फरसा से प्रहार कर दिया। इससे सिर कट गया । इस बीच सुरेश यादव रॉड और लाठी से प्रहार कर दिया। जेब से रुपये भी निकाल लिया। परिजन उन्हें इलाज के लिए पीएचसी ले गये, जहां चिकित्सक उनका प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए डीएमसीएच के लिए रेफर कर दिया। इस मामले में अनुसंधानक ने 12 अक्टूबर 2019 को कोर्ट में आरोप पत्र समर्पित किया गया था। कोर्ट ने 17 अप्रैल 2020 को संज्ञान लिया था।

## तीन बार रह चुके हैं विधानसभा सदस्य राजद नेता की तबीयत बिगड़ी

### पटना ले जाने के दौरान हुई मौत





राष्ट्रीय जनता दल के नेता मिथिलेश यादव की अचानक तबीयत बिदने के बाद उनकी मौत हो गई। वह मुजफ्फरपुर के पारु विधानसभा के राजद के तीन बार विधानसभा के सदस्य रह चुके हैं। इतना ही नहीं वह राष्ट्रीय जनता दल के कई वर्षों तक जिला अध्यक्ष भी रहे हैं। उनके करीबियों का कहना है कि मिथलेश यादव की अचानक तबीयत बिगड़ी। आननफानन में उन्हें नजदीकी अस्पताल में ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए उन्हें पटना रेफर कर दिया। पटना ले जाने के दौरान रास्ते में ही उनका निधन हो गया।

पारु थाना क्षेत्र के लालू छपरा गांव के रहने वाले मिथिलेश प्रसाद यादव पारु विधानसभा क्षेत्र से राष्ट्रीय जनता दल के टिकट पर विधायक रह चुके हैं। इसके अलावा मुजफ्फरपुर के राष्ट्रीय जनता दल के संगठन के विस्तार समिति के संयोजक और जिले में लंबे अरसे तक जिला अध्यक्ष रह चुके हैं। देर शाम को अचानक उनकी तबीयत खराब होने के बाद उनको आननफानन में मुजफ्फरपुर से पटना ले जाया जा रहा था। लेकिन इसी बीच रास्ते में ही ब्रेन हेमरेज होने से उनकी मौत हो गई। मिथिलेश यादव के निधन से राष्ट्रीय जनता दल परिवार शोकाकुल है। उनके निधन पर अन्य राजनीतिक दल के नेताओं में भी शोक संवेदना प्रकट की। स्थानीय लोगों का कहना है कि मिथिलेश प्रसाद यादव काफी मिलनसार और उलझे हुए व्यक्ति के रूप में माने जाते थे। उनके सभी राजनीतिक दलों के नेताओं से अपने एक बेहतर और अच्छे संबंध थे।मुजफ्फरपुर राष्ट्रीय जनता दल में करीब 7 बार वह राष्ट्रीय जनता दल के जिला अध्यक्ष रह चुके हैं।और उनके नेतृत्व में पार्टी संगठन में काफी मजबूती और विस्तार हुआ था।

## दिलीप जायसवाल बोले- नीतीश में दैवीय शक्तियां

### बहुत तेजी से कर रहे बिहार का विकास, ऐसी स्पीड कहीं नहीं देखी



पटना, बिहार में विधानसभा चुनाव होने में अभी समय है, लेकिन सभी दल चुनावी तैयारी में जुट गए हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को जेडीयू के पटना कार्यालय में एनडीए गठबंधन के सभी दलों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार में दैवीय शक्ति आ गई है। उन्होंने कहा कि जिस गति से नीतीश कुमार बिहार का विकास कर रहे हैं, वैसी गति उन्होंने कभी नहीं देखी।

दिलीप जायसवाल के अलावा उमेश सिंह कुशवाहा, अनिल कुमार, मदन चौधरी और अशरफ अंसारी भी इस प्रेस कॉन्फ्रेंस का हिस्सा थे। सभी ने नीतीश कुमार की जमकर तारीफ की और आगामी चुनाव में एनडीए की सरकार बनाने का दावा किया।

**घोषणा के बाद दो घंटे में हो रहे काम** दिलीप जायसवाल ने कहा मैं प्रगति की रफ्तार से अचंभित हूं। यह आश्चर्यजनक है। यह सब यूं ही नहीं है। एकाएक मुख्यमंत्री के अंदर दैवीय शक्ति प्रवेश कर गई है। उद्देश्य बिहार को विकास के चरम पर पहुंचाना है। मुख्यमंत्री अपनी %प्रगति यात्रा% के दौरान की गई घोषणाओं का फौरन अनुपालन करा रहे हैं। घोषणा के डेढ़-दो घंटे बाद ही हम संबंधित लोगों को मुख्यमंत्री का फोन आता है कि यह काम तुरंत कर दीजिए। हम सब ऐसा कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में बिहार में फिर से एनडीए की सरकार बनेगी।

**2025 में 225 का नारा** इस मौके पर जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन की अभूतपूर्व सफलता आगामी विधानसभा चुनाव में एनडीए की ऐतिहासिक जीत के विश्वास को और अधिक पुख्ता करता है। उन्होंने कहा कि '2025 में 225 और फिर से नीतीश' का नारा अब बिहार के हर गांव-गांव में गूंजने लगा है। हमसे प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार ने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में प्रदेश का आश्चर्यचकित विकास हुआ है। जनता की आशाओं से अधिक डबल इंजन की सरकार काम कर रही है।

**19 साल में राज्य का विकास हुआ** रालोमो प्रदेश अध्यक्ष मदन चैधरी ने कहा कि नीतीश कुमार ने समाज के सभी वर्गों का उत्थान किया है। उन्होंने कहा कि 19 वर्षों के कार्यकाल से प्रदेश की जनता खासा प्रभावित है। लोजपा (आर) प्रदेश उपाध्यक्ष अशरफ अंसारी ने 2025 में 225 और फिर से नीतीश का संकल्प दोहराया और कहा कि प्रगति यात्रा में नीतीश कुमार ने जो भी घोषणाएं की हैं, उन्हें अमलीजामा भी पहनाया जा रहा है। यह एनडीए के सुशासन को दर्शाता है।

## इंस्टाग्राम से जान-पहचान भागवत कथा में मुलाकात

### फिर मंदिर में गांव वालों ने करा दी शादी



पटना, बिहार के बांका में भगवत कथा के दौरान एक प्रेमी अपनी प्रेमिका से मिलने पहुंचा था। इस बारे में गांव के लोगों को पता चला तो उन्होंने मंदिर में लड़का-लड़की की शादी करा दी। इस शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रही हैं। बताया जा रहा है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्ट्राग्राम के जरिए लड़का-लड़की बात करते थे। इसके बाद भागवत कथा में दोनों मिलने पहुंचे और ग्रामीणों ने मंदिर में दोनों की शादी करा दी।

मामला टाउन थाना के सलैया गांव का है। सलैया गांव की 23 वर्षीय किरण कुमारी का प्रेम-प्रसंग फुल्लीडुमर के चौदाड़ निवासी 24 वर्षीय श्रवण कुमार से था। बांका के सालेया गांव में भागवत कथा हो रही थी। इसी बहाने किरण ने श्रवण को मिलने बुलाया। युवक के गांव में आने की भनक ग्रामीणों को लग गई। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को हिरासत में ले लिया।

**माता-पिता की सहमति से हुई शादी**

प्रेमी-प्रेमिका को हिरासत में लेने के बाद दोनों के परिवारवालों को बुलाया गया। परिवार की सहमति से शुक्रवार की देर शाम बांका शहर के तारा मंदिर में दोनों की शादी करा दी गई। छह महीने पहले एक शादी समारोह में दोनों की मुलाकात हुई थी। इसके बाद दोनों में प्रेम हो गया और इंस्टाग्राम पर बातचीत होने लगी। किरण के भाई ने बताया कि परिवार की रजामंदी से मंदिर में शादी हुई। अगले दिन कोर्ट में भी शादी की जाएगी। बताया जा रहा है कि लड़का-लड़की पहले से दूर के रिश्तेदार हैं। श्रवण पहले रिश्ते में किरण के भाई का साला लगता था।